# 2024: बरेली मंडल में नतीजे बदलने के लिए विपक्ष को करने होंगे लाखों वोट इधर से उधर

## पिछले चुनाव में सबसे कम अंतर से बदायूं तो सर्वाधिक अंतर से पीलीभीत में जीते थे भाजपा प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**24 — 18वीं लोकसभा — का चक्रव्यूह**



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2014 के बाद बरेली मंडल की पांच सीटों पर 2019 में और ज्यादा धरातल पर आए विपक्षी दलों के लिए 2024 की चुनौती भी काफी कड़ी साबित होना तय है। भाजपा के मुकाबले में उतरे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को कहीं लाख तो कहीं दो लाख से ज्यादा वोट खींचकर अपने पाले में लाने होंगे, तब कहीं उनके लिए कुछ संभावना बन पाएगी। धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण का मुकाबला भी इस चुनाव में जातिगत समीकरणों से होना तय है। इसके अलावा अकेले चुनाव में उतरी बसपा का प्रदर्शन भी नतीजों को काफी कुछ प्रभावित करेगा।



इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिए आंकड़ों के लिहाज से फिलहाल जो चुनावी मैदान सबसे कम मुश्किल लग रहा है, वह बदायूं का है। बदायूं में 2019 के चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी संघमित्रा सिर्फ लगभग 18 हजार वोटों से जीती थीं जो मंडल की चार दूसरी सीटों की तुलना में सबसे कम अंतर था। इस चुनाव में संघमित्रा को पांच लाख 11 हजार 352 वोट मिले थे और सपा-बसपा के संयुक्त प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को चार लाख 92 हजार 898 वोट। कांग्रेस से पूर्व सांसद सलीम इकबाल शेरवानी लड़े थे जिन्हें 51 हजार 947 वोट मिले थे।

इस चुनाव में फर्क यह है कि सपा से बसपा अलग हो गई है और उसकी जगह कांग्रेस गठबंधन में साथ आ गई है। 2014 के चुनाव के लिहाज से देखा जाए तो उस चुनाव में बसपा के प्रत्याशी को एक लाख 56 हजार वोट मिले थे। सपा प्रत्याशी के खाते से इतने वोट घटा दिए जाएं तो उसके 3.46 लाख वोट ही बचते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी को 2019 में मिले 52 हजार वोट मिलने पर यह संख्या 3.98 लाख पहुंच जाती है। इस लिहाज से भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के वोटों का अंतर 1.13 लाख से ज्यादा वोटों का रह जाता है। इस तरह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शिवपाल यादव यह अंतर पाटने के लिए पिछले चुनाव की तुलना में करीब साठ हजार ज्यादा वोटों की जरूरत होगी।

आंवला में 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप पांच लाख 37 हजार 675 वोट पाकर जीते थे। उनकी निकट प्रतिद्वंद्वी बसपा की रुचिवीरा थीं जिन्हें सपा से गठबंधन की वजह से चार लाख 23 हजार 932 वोट मिले थे। कांग्रेस के कुंवर सर्वराज सिंह ने 62 हजार 548 वोट पाए थे। धर्मेंद्र और रुचिवीरा के बीच करीब 1.11 लाख वोटों का अंतर था। 2014 के चुनाव में सपा के टिकट पर चुनाव लड़े सर्वराज सिंह ने 2.71 लाख वोट पाए थे। सपा के 2014 के वोट घटाकर और कांग्रेस के 2019 के वोट बढ़ाकर आंवला में इंडिया के प्रत्याशी का आंकड़ा करीब सवा दो लाख वोटों तक ही पहुंचता है। लिहाजा इस संसदीय क्षेत्र में करीब डेढ़ लाख वोटों का इधर से उधर होना ही नतीजे में कुछ बदलाव ला सकता है।

बरेली में 2019 के चुनाव में संतोष गंगवार को करीब 5.65 लाख वोट मिले थे और बसपा के सहयोग से चुनाव लड़े सपा के भगवत सरन गंगवार को 3.98 लाख वोट। कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन सिर्फ 74 हजार वोट पर सीमित रह गए थे। जीत का अंतर 1.67 लाख वोटों से ज्यादा का था। 2014 के चुनाव में बसपा के प्रत्याशी उमेश गौतम को एक लाख वोट ही मिले थे। इस तरह आंकड़ों को जोड़ने और घटाने के बाद बरेली में इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी 3.72 लाख वोटों तक ही पहुंचता दिखता है। इस लिहाज से यहां भी 90 हजार से एक लाख तक वोटों के इधर से उधर होने पर ही नतीजों में कोई बदलाव होने का अनुमान लगाया जा सकता है।

शाहजहांपुर में 2019 के चुनाव में भाजपा के अरुण कुमार सागर को करीब 6.89 लाख वोट मिले थे और बसपा के प्रत्याशी को सपा के सहयोग से 4.20 लाख। कांग्रेस के प्रत्याशी ब्रह्मस्वरूप सागर 35 हजार वोट ही मिले थे। यहां भाजपा और बसपा प्रत्याशी के वोटों का अंतर करीब 1.70 लाख वोटों का था। 2014 के चुनाव में भी सपा और बसपा के प्रत्याशियों को अलग-अलग करीब 4.31 लाख वोट मिले थे। इससे साफ है कि 2019 में सपा का लगभग पूरा वोट बसपा की तरफ शिफ्ट हुआ था। पिछले चुनावों के आंकड़ों को जोड़ने-घटाने के बाद यहां इंडिया गठबंधन के खाते में ढाई लाख से कुछ ज्यादा वोट ही नजर आ रहे हैं। यानी इस संसदीय क्षेत्र में बदलाव के लिए दो लाख से भी ज्यादा वोटों की जरूरत होगी।

पीलीभीत में भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी की सबसे बड़ी जीत हुई थी। उन्हें सात लाख से ज्यादा वोट मिले थे। उनके प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी सपा के हेमराज वर्मा करीब 4.49 लाख वोट ही पा सके थे। दोनों के वोटों का अंतर 2.55 लाख के आसपास था। 2014 के चुनाव में बसपा को 1.96 लाख वोट मिले थे और 2019 के चुनाव में उसका लगभग यह सारा वोट शाहजहांपुर की तरह यहां भी सपा प्रत्याशी के खाते में शिफ्ट हुआ था। कांग्रेस प्रत्याशी को 2014 के चुनाव में करीब 30 हजार वोट ही मिले थे। यहां दो लाख से ज्यादा वोटों के इधर से उधर हुए बगैर इंडिया प्रत्याशी की बात बन पाने के आसार नहीं हैं।

### कई और फैक्टर प्रभावित कर सकते हैं चुनाव का नतीजा

हर चुनाव में हवा का रुख कुछ न कुछ बदलता ही रहता है इसलिए लगातार एक ही पार्टी और प्रत्याशी की जीत का कोई दावा नहीं किया जा सकता। चुनाव में कई फैक्टर नतीजों को बदलने में भूमिका निभाते हैं। सत्तारूढ़ पार्टी के प्रति मतदाताओं का रुख सबसे प्रमुख होता है। इस चुनाव में भी कई अलग तरह के फैक्टर हैं जो कहीं फायदा तो कहीं नुकसान करते नजर आ रहे हैं। इस चुनाव में भाजपा और इंडिया गठबंधन दोनों ने जातिगत समीकरण साधने की पूरी कोशिश की है। यह अलग बात है कि तीन सीटों पर भाजपा की ओर से नए चेहरे हैं। पिछले चुनावों में छोटे दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों को इतने वोट नहीं मिले थे कि नतीजे पर कोई असर डाल पाते। इस बार क्या होगा, फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। बसपा की ओर से खिंचाव का मुस्लिम वोटों पर क्या असर पड़ेगा, इस पर भी वोटों की गिनती निर्भर करेगी। पिछले काफी समय से गूंजते रहे अलग-अलग मुद्दे भी कुछ न कुछ तो भूमिका निभाएंगे ही।

## सियासी हलचल

### बसपा: फिर टली बरेली और बदायूं में प्रत्याशी की घोषणा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली और बदायूं की सीट पर बसपा के उम्मीदवारों की घोषणा एक बार फिर टल गई। पार्टी हाईकमान की ओर से बृहस्पतिवार को दोनों उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने की बात कही गई थी। इसी कारण जिले के पदाधिकारी देर शाम तक लिस्ट जारी होने का इंतजार करते रहे, लेकिन लिस्ट जारी नहीं हुई। बसपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी से संकेत मिला था कि बदायूं और बरेली के उम्मीदवार का एलान कर दिया जाएगा लेकिन किसी कारणवश उसे फिर टाल दिया गया है। अब शुक्रवार को लिस्ट जारी किए जाने की संभावना है।

### भाजपा की नफरत वाली विचारधारा से त्रस्त लोग कांग्रेस से जुड़ रहे



**बरेली, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र की चुनाव संचालन समिति की समन्वय बैठक गुरुवार को गांव मझऊआ गंगापुर में हुई, जिसमें आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि आज लोग भाजपा की नफरत वाली विचारधारा से त्रस्त होकर कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। बैठक में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को मजबूती से लड़ाकर जिताने का आह्वान किया गया। सरदार खां, जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट, जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी, जिला महासचिव ब्रह्मानन्द शर्मा, उल्फत सिंह कठेरिया, सपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष टीकाराम कश्यप, शकील अहमद, रजनीश गंगवार प्रधान, सीताराम सागर, आसेराम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### भाजपा की बरेली से बदायूं तक रैली

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं के भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के पक्ष में बरेली से बदायूं तक रैली निकाली गई जिसमें पार्टी के तमाम नेता भी शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से मेयर उमेश गौतम, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, पुष्पेंद्र पटेल, विष्णु अग्रवाल, सर्वेश रस्तोगी और कई पार्षद शामिल थे।

## जनता का मंच

### क्या चुनावी वादों से गुमराह हो जाती है जनता?

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव में किए गए वादे अगर सच्चे होते तो देश कहां से कहां पहुंच चुका होता। न जीवनयापन में इतनी कठिनाइयां होतीं न भविष्य की चिंताओं से जूझना पड़ता। लोगों का मानना है कि चुनाव में किए जाने वाले ज्यादातर वादे सिर्फ गुमराह करने के लिए ही होते हैं लेकिन जनता उनकी सच्चाई कभी न कभी परख ही लेती है। कुछ बरसों में राजनीतिक जागरूकता और बढ़ी है। यह तो है कि अशिक्षित लोग भावनाओं में बह जाते हैं लेकिन बहुत जल्द अपनी भूल सुधार भी लेते हैं।



चुनाव जीतने के लिए नेता हवाई वादे करते हैं लेकिन जनता उनमें हर बार नहीं फंसती। नेताओं के कामों को लोग याद रखते हैं, अगर उन्हें लगता है कि नेता ने सिर्फ वादे किए हैं और काम नहीं तो वे उसे दोबारा वोट नहीं देते। जनता अपने भविष्य के बारे में सोचती है और उसी के लिए वोट देती है। **–माला रानी,** इज्जतनगर



पढ़े–लिखे लोग चुनाव लड़ने वाले नेताओं के झांसे में आसानी से नहीं आते। वे समझ लेते हैं कि कौन सा वादा सिर्फ चुनाव जीतने के लिए किया जा रहा है और उसमें कितना दम है। अनपढ़ लोग जरूर मीठे चुनावी वादों में फंस जाते हैं लेकिन उन्हें भी बार–बार झूठ बोलकर नहीं फंसाया जा सकता। **– हरिदास चौहान,** चनेहटा



चुनाव में किए गए वादों में जनता कभी–कभी फंस ही जाती है। लोग कितने भी पढ़े–लिखे हों लेकिन चुनाव में वादों पर भरोसा करना ही पड़ता है, लेकिन चुनाव के बाद उन्हें अपनी भूल भी समझ में आ जाती है और वे अपनी भूल को दोहराते नहीं हैं। कम से कम पढ़े–लिखे लोग तो बिल्कुल नहीं। **– वीएन महिंद्रा,** राजेंद्रनगर



औरों के बारे में तो ज्यादा नहीं कह सकती लेकिन मैं बहुत ज्यादा पढ़ी–लिखी नहीं हूं इसलिए चुनाव में किए गए वादों पर यकीन करके वोट दे देती हूं। मुझे लगता है कि नेता जो वादा कर रहा है, वह मेरे परिवार की भलाई के लिए है लेकिन बाद में बार–बार पछतावा भी होता है कि गलत वोट दे दिया। **– माधवी चौहान,** चनेहटा



भारत की जनता में पढ़े–लिखे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा नहीं है लेकिन उसमें राजनीतिक जागरूकता की कमी नहीं है। अगर ऐसा न होता तो एक ही सरकार लंबे समय तक देश और प्रदेश में राज करती रहती। चुनाव में किए जाने वाले वादे देश की जनता को ज्यादा दिन भ्रम में नहीं रख पाते हैं, चाहे कोई शिक्षित हो या अशिक्षित। शिक्षित होने का बस इतना फायदा होता है कि ऐसे लोग दूरगामी सोच रखते हैं और आसानी से नेताओं के झांसे में नहीं आते। वर्तमान के लिहाज से देखें तो जनता अगर कुछ हद तक एक या दो चुनाव में वादों में फंस जाती है तो उसके बाद सुधार भी कर लेती है। वही नेता राजनीति में टिक पाता है, जो अपने कामों से जनता को संतुष्ट रख पाता है।

**– डॉ. श्रद्धा सक्सेना,** प्रोफेसर राजनीति शास्त्र साहूराम स्वरूप महिला महाविद्यालय

## प्रशासन की तैयारी

### एप पर करें आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की शिकायतों के निस्तारण और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए सी विजिल एप विकसित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया है कि एप के माध्यम से मिलने वाली शिकायत का सौ मिनट के अन्दर निस्तारण किया जाएगा। गड़बड़ी का सबूत देने के लिए फोटो, वीडियो या ऑडियो भी भेज सकते हैं। इस एप के जरिये मतदाता भी चुनाव में निगरानी कर सकते हैं। एप के माध्यम से उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं, जहां गड़बड़ी हो रही है।

### चुनाव प्रशिक्षण में गायब रहने वाले चार कार्मिकों पर एफआईआर का आदेश



**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के प्रशिक्षण में शामिल नहीं होने वाले कार्मिकों के खिलाफ बीएसए ने एफआईआर कराने का आदेश दिया है। उन्होंने गुरुवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को एफआईआर के लिए पत्र भेज दिया है। बीएसए ने 27 मार्च को निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने वाले चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति की है। उन्होंने एफआईआर कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी भानुशंकर गंगवार को नामित किया है। गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज में दो पालियों में प्रशिक्षण हुआ। इसमें 132 कार्मिक अनुपस्थित रहे, इनमें 115 पीठासीन अधिकारी और 17 मतदान अधिकारी शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी जगप्रवेश ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले लापरवाह कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुखों को सक्रिय करें



भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते जिला प्रभारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा के जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने मंडलों में पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर सक्रिय करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। वोटर को बूथ तक लाने के लिए हर स्तर पर काम सौंपा गया है। कहा, विधानसभा स्तर पर पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन, युवा सम्मेलन, महिला मोर्चा सम्मेलन जैसे कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता मजबूती से लगें। बैठक में जिलाध्यक्ष, पवन शर्मा, सोमपाल शर्मा, वीरपाल गंगवार, मेघनाथ सिंह कठेरिया, निर्भय गुर्जर, चंचल गंगवार, नेहा कन्नौजिया, नीरेंद्र सिंह राठौर, अजय सक्सेना, अभय चौहान, राहुल साहू, अंकित शुक्ला, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट पर सतर्कता



कलेक्ट्रेट में लोकसभा चुनाव के नामांकन की तैयारी शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को एसपी ट्रैफिक शिवराज ने कलेक्ट्रेट में पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट गेट पर बैरिकेडिंग की जाएगी। इसके अलावा फोर्स भी तैनात रहेगी। ● अमृत विचार

## जनता की आवाज उठाता रहूंगा भले ही कोई भी कीमत चुकानी पड़े



● पीलीभीत वासियों के नाम वरुण गांधी ने लिखा भावुक पत्र

**पीलीभीत, अमृत विचार:** वरुण गांधी ने पीलीभीत वासियों के लिए एक पत्र लिखकर अपने ट्विटर एकाउंट पर साझा किया है। इस पत्र में उन्होंने पीलीभीत से रिश्ता कायम रखने की बात कही है। जनता से आशीर्वाद मांगते हुए यह भी कहा है कि वह उसकी आवाज उठाते रहेंगे, भले ही इसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े।

वरुण गांधी ने पीलीभीत वासियों के लिए प्रणाम के साथ पत्र की शुरुआत की है। लिखा कि आज यह पत्र लिखते हुए उन्हें अनगिनत यादों ने भावुक कर दिया। मुझे वो तीन साल का छोटा सा बच्चा याद आ रहा है, जो अपनी मां की उंगली पकड़कर 1983 में पहली बार पीलीभीत आया था। उसे कहां पता था कि एक दिन यह धरती उसकी कर्म भूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जाएंगे। वर्षों तक पीलीभीत की महान जनता की सेवा करने का मौका मिला। महज एक सांसद के तौर पर नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के तौर पर भी मेरी परवरिश और मेरे विकास में पीलीभीत से मिले आदर्श सरलता और सहृदयता का बहुत बड़ा योगदान है।

उन्होंने लिखा कि पीलीभीत वासियों का प्रतिनिधि होना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा और पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठाई। एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भले समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। सांसद के रूप में नहीं तो बेटे के तौर पर सही, आजीवन सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेरे दरवाजे पीलीभीत वासियों के लिए हमेशा पहले की तरह खुले रहेंगे। मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम और विश्वास का है, जो किसी राजनीतिक गुणा-भाग से बहुत ऊपर है। मैं आपका था, हूं और रहूंगा।

बता दें कि 1989 से 2019 तक हुए नौ लोकसभा चुनावों में छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी पीलीभीत से सांसद चुने गए थे। इस बार भाजपा ने वरुण का टिकट काटकर जितिन प्रसाद को टिकट दिया है।

## चाचा के चुनावी माहौल को गर्माने आएंगे धर्मेंद्र यादव

**बदायूं, अमृत विचार :** बदायूं के दो बार सांसद रहे धर्मेंद्र यादव का टिकट कटने पर कुछ कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई थी। इसे खत्म करने के लिए पूर्व सांसद यहां अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव का चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं। तीन दिन वह चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। धर्मेंद्र की जगह शिवपाल के आने पर कार्यकर्ताओं में खासा जोश दिखा लेकिन कुछ ने तीखी प्रतिक्रियाएं भी जताईं। माना जा रहा है कि इसी नाराजगी को दूर करने वह चाचा का चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं। घोषित कार्यक्रम के मुताबिक वह 30 मार्च को बिसौली क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अगले दिन शहर में इस्लामिया कॉलेज के सामने चुनाव प्रचार करेंगे। एक अप्रैल को वह सहसवान में सपा कार्यालय पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

## महिलाओं में अब बढ़ने लगी है मुद्दों की समझ



**आधी आबादी की आवाज..**

चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और इसमें किसी भी स्तर पर अब देश की आधी आबादी को अनदेखा नहीं किया जा सकता। एक समय जरूर था जब महिलाएं पढ़ी–लिखी न होने की वजह से चुनाव के समय निष्क्रिय भूमिका में रहती थीं। घर के पुरुषों के पास ही यह तय करने का अधिकार रहता था कि वोट किसे देना है। अब महिलाएं राजनीति को समझने लगी हैं और चुनाव के बारे में उनकी सोच भी आत्मनिर्भर हो रही है। यह सच है कि अब भी कुछ हद तक महिलाओं को राजनीतिक दलों की ओर से लाए गए भावनात्मक मुद्दे अपनी ओर खींचते हैं लेकिन अब वे समाज के उत्थान पर भी ध्यान देती हैं। रोजगार और महंगाई जैसे सामाजिक मुद्दों पर गंभीरता से विचार करके ही तय करती हैं कि किसे चुनना उचित रहेगा। राजनीतिक दल भी इस सच्चाई को समझने लगे हैं, इसी का नतीजा है कि लोकसभा में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण पर मोहर लग चुकी है। वैसे, वोट कभी स्त्री या पुरुष का नहीं होता। यह सांविधानिक अधिकार है। महिलाएं इस अधिकार का इस्तेमाल करना समझने लगी हैं, चाहे वे ग्रामीण परिवेश की हो या शहरी परिवेश की।

**– प्रो. सुविधा शर्मा,** मनोविज्ञान विभाग बरेली कॉलेज

## चुनाव ड्यूटी: मेडिकल बोर्ड ने अनफिट करार दिया, डीएम का दोबारा मेडिकल का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● क्रॉस चेकिंग के बाद ही मिलेगी चुनाव ड्यूटी से मुक्ति

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कटवाने में जुगाड़बाजी नहीं चलेगी। डीएम रवींद्र कुमार ने मेडिकल बोर्ड की ओर से अनफिट घोषित कार्मिकों की क्रॉस चेकिंग के बाद ही ड्यूटी काटने के निर्देश दिए हैं।

जिले में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। निर्वाचन ड्यूटी पत्र मिलने के बाद से ही ड्यूटी कटवाने वालों की विकास भवन में सहायक प्रभारी कार्मिक अधिकारी तेजवंत सिंह के कार्यालय में भीड़ जुट रही है। अब तक चार सौ कार्मिक ड्यूटी कटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। इसमें कुछ लोगों ने छोटे बच्चे होने और पति-पत्नी दोनों सरकारी नौकरी में होने का हवाला दिया। कुछ ने खुद के बीमार होने की बात कही।



सहायक प्रभारी कार्मिक अधिकारी के कार्यालय में ड्यूटी कटवाने पहुंचे कार्मिक।

सहायक प्रभारी कार्मिक अधिकारी ने बीमारी से पीड़ित कार्मिकों को प्रार्थनापत्र लेकर मेडिकल बोर्ड के पास भेज दिया। बुधवार को 205 लोगों में ड्यूटी कटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, इनमें कई लोगों को मेडिकल बोर्ड ने अनफिट कर दिया। इनमें किडनी, पैर में फ्रेक्चर और गर्भवती होने जैसे कई कारणों को गिनाने वाले कार्मिक शामिल हैं। पीडी ने सभी प्रार्थनापत्र डीएम को भेजे। वहां से सभी अनफिट कार्मिकों की क्रॉस चेकिंग के निर्देश दिए गए। इसके बाद गुरुवार को फिर मेडिकल कराने के लिए कार्मिकों को पहुंचना पड़ा।










The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# निजी स्कूलों के दबाव में अभिभावकों की जेब पर महंगी किताबों का बोझ

## बच्चों की कापी किताबें खरीदने के लिए दुकानों पर उमड़ने लगी अभिभावकों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले के निजी स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं। आगामी सत्र की तैयारी शुरू हो गई है। अधिकतर नामी स्कूलों में नए प्रवेश और अगली कक्षा में प्रोन्नत होने वाले छात्रों को पहले की तरह इस बार भी यूनिफार्म और कापी किताबों की खरीदारी के लिए सूची थमाई जाने लगी है। बच्चों के अभिभावकों पर तय दुकानों से कापी किताबें खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। महंगी किताबों के चलते अभिभावकों की जेब पर बोझ बढ़ गया है। बच्चों की ड्रेस, कापी किताबें खरीदने के लिए दुकानों पर अभिभावकों की भीड़ उमड़ने लगी है।

**अनावश्यक किताबों को कोर्स में लगवा रहे :** अभिभावक संघ के जिलाध्यक्ष अंकुर सक्सेना ने बताया कि मनमाने तरीके से निजी स्कूल संचालक अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से पहले से तक प्रकाशक की ही किताबें लगवा रहे हैं। कई ऐसी किताबें भी लगवा रहे हैं जो पूरे साल बच्चों को नहीं पढ़ाई जाती है। स्कूल संचालक जानबूझ कर आर्थिक लाभ के लिए अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालते हैं। ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जल्द उच्चाधिकारियों से शिकायत की जाएगी।


कोतवाली के सामने सुभाष मार्केट में एक दुकान पर किताबें खरीदते अभिभावक। ● अमृत विचार

### कक्षा एक का सेट दो से ढाई हजार में

आर्थिक लाभ के चलते स्कूल प्रबंधन दुकानदार और प्रकाशकों के कहने पर महंगी किताबों का चयन कर चलवाते हैं। प्रति सेट पर निर्धारित कमीशन स्कूल प्रबंधन तक पहुंचती है। कक्षा एक की कापी किताबों का सेट दो से ढाई हजार, कक्षा पांच तक की कक्षाओं का सेट छह से सात हजार, कक्षा छह से आठवीं तक का सेट करीब 10 हजार रुपये में अभिभावकों को मिल रहा है।

अभिभावकों को बच्चों की किताबों के लिए आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना न करने पड़े, इसके लिए सभी स्कूल संचालकों के साथ पहले ही बैठक कर कहा गया है कि यदि कोर्स में कोई बदलाव नहीं हुआ तो अभिभावक पुरानी किताबों की भी व्यवस्था कर सकते हैं। **-निर्भय बेनिवाल,** जिलाध्यक्ष, इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन

अगर कोई स्कूल प्रबंधन अभिभावकों पर तय दुकानों से ड्रेस, कापी किताबें खरीदने का दबाव बनाएगा तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-देवकी सिंह,** डीआईओएस

# कई खेलों के कोच नहीं, फिर भी रजिस्ट्रेशन की तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में कई खेलों के कोच नहीं हैं, फिर भी एक अप्रैल से इन खेलों का प्रशिक्षण देने के लिए खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की तैयारी शुरू कर दी गई है। स्टेडियम में सिर्फ तीन में ही कोच हैं, बाकी खेलों के लिए लंबे समय से मांग किए जाने के बाद भी कोच की नियुक्ति नहीं हो पा रही है।

स्टेडियम में करोड़ों की लागत से बहुउद्देश्यीय हाल, स्विमिंग पूल का जीर्णोद्धार किया गया मगर कोच की तैनाती पर ध्यान नहीं दिया गया। यहां फुटबॉल, हॉकी, वालीबॉल, क्रिकेट, बॉक्सिंग, बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, लॉन टेनिस, एथलेक्टिस समेत कई खेलों का प्रशिक्षण 210 रुपये के वार्षिक शुल्क पर उपलब्ध कराया जाता है। हर साल 350 से अधिक खिलाड़ियों की ओर से विभिन्न खेलों में रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। वर्तमान में फुटबॉल कोच, एक जीवन रक्षक और एक खेलो इंडिया के तहत हॉकी के कोच की तैनाती स्टेडियम में है। इस समय क्रिकेट, वालीबॉल, बैडमिंटन, जिम्नास्टिक, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग, बास्केटबॉल, हैंडबाल के कोच की जगह खाली है। इन खेलों में करीब 200 से अधिक बच्चों की ओर से पंजीकरण कराया गया है।




- क्रिकेट, वालीबॉल, बैडमिंटन समेत कई खेलों में कोच के पद रिक्त
- प्रशिक्षण का इंतजाम नहीं मगर एक अप्रैल से होंगे रजिस्ट्रेशन

प्रदेश स्तर से ही कोच की कमी है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सरकारी नौकरी और निजी एकेडमी के क्षेत्र में जा रहे हैं। खेल निदेशालय स्तर पर कोच की तैनाती के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द कोच की तैनाती होगी। **जितेंद्र यादव,** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी

## एक नजर

### नए सत्र में दाखिले के साथ बच्चों को मिल जाएंगी किताबें



**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों के नए सत्र में बच्चों को दाखिले के साथ किताबें मिल जाएंगी। इस बार उन्हें किताबों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। 14 लाख से अधिक किताबें नगर क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न ब्लाकों में सत्यापन कर भेज दी गई हैं। परिषदीय स्कूलों में 3 .50 लाख से अधिक छात्र हैं। यह नए सत्र में यह संख्या बढ़ भी सकती है। चार माह पहले कक्षा तीन से आठवीं तक सभी विषयों की संयुक्त रूप से करीब 25 लाख किताबों का क्रय आदेश विभाग ने शासन और प्रकाशकों को भेजा था। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि अब तक 50 फीसदी से अधिक किताबें पहुंच गई हैं। अप्रैल माह के अंत तक शत प्रतिशत बच्चों को किताबें प्राप्त करा दी जाएंगी।

### ठेका कर्मचारियों को भी देना होगा आवास शुल्क

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल परिसर में रहने वाले ठेका कर्मचारियों को आवास शुल्क देना होगा। सीएमएस ने शुल्क देने का आदेश जारी किया है। इसके बाद कर्मचारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। कर्मचारी सीएमओ से शिकायत कर आदेश वापसी की मांग करेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि कोविड काल से ही आवासों में निवास कर रहे हैं वहीं संक्रमितों के इलाज में भी अहम भूमिका निभाई है, अगर शुल्क लेना था तो शुरूआत से ही ऐसा आदेश मिलता, ऐसे में तो कर्मियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा।

# दो महीने में भी ठीक नहीं हो पाई लाइनें, रोज घंटों बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सनसिटी, महानगर, हरुनगला और जगतपुर उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में कटौती

**अमृत विचार :** बिजली विभाग ने मरम्मत कार्य के लिए एक महीने निर्धारित किया लेकिन दो महीने बाद भी काम अधूरे हैं। अब गर्मी बढ़ने लगी है, ऐसे में घंटों की बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल होने लगा है। शहर में गुरुवार को भी मरम्मत कार्य की वजह से सनसिटी विस्तार, महानगर, हरुनगला और जगतपुर उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में कई घंटे बिजली गुल रही। इससे करीब 15 हजार से अधिक घर प्रभावित हुए।

जगतपुर विद्युत उपकेंद्र के जगतपुर और आकाशपुरम फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा हरुनगला विद्युत उपकेंद्र के रामगंगानगर फीडर पर मरम्मत कार्य और पेड़ों की छंटाई की वजह से शिव गार्डन, महेंद्र नगर, आशीष रॉयल पार्क, सनराइज, नील गगन पार्क और रामगंगा क्षेत्र में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही।

इसके अलावा आंशिक रूप से सुपर सिटी और पवन विहार फीडर भी कई घंटे के लिए बंद रहे। इसके अलावा शहीद भगत सिंह, परवाना नगर, आशुतोष सिटी और वनखंडीनाथ फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रही। पीरबहोड़ा फीडर के परतापुर जीवन सहाय, बिहारमान नगला, असलम कॉलोनी, रामेश्वर धाम कॉलोनी में भी सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती की गई।


बरेली कॉलेज में परीक्षा फार्म जमा करने के लिए लाइन में लगे छात्र-छात्राएं।

### स्नातक के परीक्षा फार्म भरने की कल अंतिम तिथि

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने को दिन का समय शेष रह गया है। होली की छुट्टी की वजह से काफी संख्या में छात्र फार्म भरने से रह गए। गुरुवार को बरेली कॉलेज में फार्म जमा करने के लिए छात्रों की भीड़ जुटी। छात्र 30 मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरकर 31 मार्च तक कॉलेज में जमा कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने 11 मार्च को बीए, बीकॉम, बीएससी और बीबीए द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्धारित की थी। 14 मार्च से ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्र फार्म भरने से रह गए हैं। इसकी वजह से छात्र तिथि बढ़ाने की भी मांग कर रहे हैं।

# कई बार जांच के बाद भी निश्चय किट नहीं दे पा रही सही परिणाम

**बरेली, अमृत विचार :** निश्चय किट महिलाओं में गर्भावस्था की सही रिपोर्ट नहीं दे पा रही है। कई बार जांच के बाद भी ठीक परिणाम नहीं मिल रहा है। इससे डॉक्टर के साथ मरीज भी परेशान हैं।

दरअसल, कॉरपोरेशन की ओर से जिला महिला अस्पताल में गर्भावस्था जांच के लिए निश्चय के नाम से जांच किट भेजी गई थीं, लेकिन इनसे एक से अधिक बार जांच करने पर भी सही परिणाम नहीं मिल रहा है। स्टाफ ने किट की गुणवत्ता खराब होने संबंधी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। हालांकि, लगातार परिणाम सटीक न मिलने पर अस्पताल प्रबंधन ने नई जांच किट मंगा ली हैं।

# किराए के नोटिस पर दुकानदार नाराज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का शिष्टमंडल नगर आयुक्त से मिला
- कहा- नगर निगम के गलत फैसले से शहर के हजारों व्यापारी होंगे प्रभावित

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से नए सर्किल रेट के हिसाब से दुकानों के किराए के नोटिस दिए जाने से दुकानदारों में नाराजगी है। बृहस्पतिवार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स से मिलकर इस पर विरोध जताया और नोटिस रद्द करने की मांग की।

व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के बाजारों में दुकानदार कई पीढ़ियों से कारोबार कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम उनके कारोबार को खत्म करने की कोशिश कर रहा है। इससे शहर में हजारों की संख्या में व्यापारी प्रभावित होने की संभावना है।

नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया कि चुनाव के बाद बोर्ड में समस्याएं रख हल निकाला जाएगा। महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि हमारे अलग-अलग एसोसिएशन तैयार हैं।

नगर निगम मार्केट का डिजाइन बनाकर दे, उसी के अनुरूप बाजारों का सौंदर्यीकरण कर लिया जाएगा। जिला अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल सराफ ,दुर्गेश खटवानी, संजीव चान्दना, मनमोहन सब्बरवाल, राम सेठी, शिरीष गुप्ता, राजन गुप्ता, जावेद, विशाल अग्रवाल, सुधीर श्रीवास्तव, प्रियंक, दीपक अरोड़ा, कौशल भूटानी, राकेश कथूरिया, रमेश अरोड़ा आदि मौजूद थे।


व्यापारियों से वार्ता करतीं नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

# तीन सौ बेड अस्पताल में 15 दिन से एक्स-रे मशीन खराब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जांच के लिए मरीजों को जिला अस्पताल की लगानी पड़ रही दौड़
- अस्पताल प्रशासन ने अब तक मशीन को ठीक नहीं कराया

**अमृत विचार :** 15 दिन से तीन सौ बेड अस्पताल में एक्स-रे यूनिट की मशीन खराब है। इसकी वजह से मरीजों को जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ रही है। वहां उन्हें एक्स-रे के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। इससे रोगियों को परेशानी हो रही है। बावजूद, अभी तक खराब मशीन को ठीक कराने के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है।

हादसे में घायल मरीजों को चिकित्सक एक्स-रे जांच कराने की सलाह दे रहे हैं, मगर मशीन में खराबी के चलते जांच नहीं हो पा रही है। ओपीडी में आने वाले मरीजों को जांच के लिए जिला अस्पताल जाना पड़ रहा है। इस वजह से वहां एक्स-यूनिट में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। अस्पताल में करीब दो महीने से लैब में जांच में प्रयुक्त होने वाले रिजेंट नहीं हैं। स्टाफ मरीजों के सैंपल ले रहे हैं, लेकिन जांच के लिए सैंपल जिला अस्पताल भेजे जा रहे हैं। दो दिनों के बाद मरीजों को रिपोर्ट मिल पा रही है। इस संबंध में टेक्नीशियन की ओर से प्रभारी सीएमएस को सूचना दी जा चुकी है, मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।


तीन सौ बेड अस्पताल की एक्स-रे यूनिट पर लटका ताला। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### श्रीराम के वियोग में राजा दशरथ ने त्यागे प्राण



**बरेली, अमृत विचार :** ब्रह्मपुरी में चल रही रामलीला में गुरुवार को कलाकारों ने श्रीराम के वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने की लीला का मंचन किया। गुरु व्यास मुनेश्वर महाराज ने बताया कि जब सुमंत्र श्रीराम, लक्ष्मण, सीता को वन में छोड़कर अयोध्या पहुंचे तो राजा दशरथ उन्हें देखते ही भाव विह्वल हो गए। उन्होंने श्रीराम के वियोग में प्राण त्याग दिए। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा, अध्यक्ष सर्वेश रस्तोगी, अंशु सक्सेना, पंकज मिश्रा, राजू मिश्रा, महेश पंडित, राजकुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों ने आईवीआरआई का किया शैक्षिक भ्रमण



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के छात्रों ने गुरुवार को आईवीआरआई में शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें पशुपालन से जुड़ी कई रोचक जानकारी दी गई । छात्र म्यूजियम देखने भी पहुंचे। एआरपी पूजा रानी सिंह के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों की टीम रवाना की। टीम में ब्लॉक के आठ स्कूलों के 70 छात्र शामिल रहे। विज्ञान शिक्षक सारिका सक्सेना, रीना, रचना, शाजिया शेख, वेद प्रकाश, अम्बरीश, नरेश आदि मौजूद रहे।

### महिला सम्मान पत्र के लिए डाकिये करेंगे जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** महिला सम्मान विकास पत्र के प्रचार-प्रसार के लिए डाक विभाग बरेली मंडल में 1 अप्रैल से अभियान चलाएगा। इसके लिए डाकियों को प्रशिक्षण दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार इस योजना के तहत दो लाख रुपये तक एकमुश्त राशि को जमा कर निवेश किया जा सकता है। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि अब तक 30 हजार से अधिक महिलाओं ने महिला बचत सम्मान पत्र में निवेश किया है, लेकिन इसमें भी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अभी अपेक्षाकृत कम हैं। इसी कमी को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर डाककर्मी और इंडिया पोस्ट पैमेंट बैंककर्मी जागरूक करेंगे। 1 अप्रैल से अभियान शुरू होगा और इसकी रोजाना रिपोर्ट पीएमजी को सौंपी जाएगी। उपडाकघर, शाखा डाकघर और मुख्य डाकघरों के 67 कर्मी शिविर लगाकर जागरूक करेंगे।

### रोजा इफ्तार में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब



**बरेली, अमृत विचार :** फाइक एन्क्लेव यूनिटी वेलफेयर सोसायटी की ओर से गुरुवार को कॉलोनी में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ। सचिव शारिक खान ने बताया कि इस दौरान अमन की दुआ की गई। रोजा इफ्तार में कॉलोनीवासियों के अलावा दूसरे धर्म के लोगों ने भाग लेकर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। अध्यक्ष नासिर, संरक्षक हैदर अली, संजीव कुमार सक्सेना, संजीव यादव, जावेद बंटी, प्रमोद बिष्ट, बब्लू मंसूरी,विशाल मेहरोत्रा, रफी मंसूरी, रफीक, जहीर खान, बंटी खान, ईशान, शाहिद आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के दांतों की करें देखभाल ताकि स्वस्थ रहे मुस्कान

- इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस में चल रहा है जागरूकता अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इस संबंध में प्रधानाचार्य प्रो. सत्यजीत ने बताया कि बच्चों के मसूड़ों में सूजन का बढ़ना, जिसे मसूड़े की हाइपरप्लासिया के रूप में भी जाना जाता है, मसूड़े खराब होने के अनेक कारण हो सकते हैं, जैसे मुंह की खराब स्वच्छता, विटामिन की कमी, हार्मोंस में परिवर्तन, आनुवंशिक कारण, घटती प्रतिरोधक क्षमता आदि। मसूड़े सूजना और सख्त हो जाना, उनमें आसानी से खून आना, खासकर ब्रश करने के दौरान, मसूड़ों के बढ़ जाने के कारण बोलने और चबाने में कठिनाई होना, मुंह से दुर्गंध आना और बोलते, हंसते हुए दांत का कम और मसूड़ों का ज्यादा दिखना आदि लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। बच्चों के दांतों की देखभाल करें, ताकि उनके चेहरे पर स्वस्थ मुस्कान बनी रहे।

# संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें कर्मचारी

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे बोर्ड के महानिदेशक संरक्षा बृज मोहन अग्रवाल ने गुरुवार को इज्जतनगर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में संरक्षा समीक्षा बैठक की। उन्होंने रेल संरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि परिचालन में किसी शॉर्टकट की कोई गुंजाइश नहीं। उन्होंने परिचालन से जुड़े कर्मचारियों से संरक्षा नियमों का पालन करने को कहा।

मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से मंडल में संरक्षित ट्रेन संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रेल परिचालन के कई क्षेत्रों में किए जा रहे सार्थक उपायों, पहलों, नवपरिवर्तन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। महानिदेशक संरक्षा ने कहा कि इज्जतनगर मंडल का संरक्षा रिकार्ड शुरू से ही उत्कृष्ठ रहा है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर रेल संरक्षा की गहन निगरानी करें ताकि रेल परिचालन से जुड़े रेल कर्मचारी कोई शार्टकट तरीका न अपना सकें। अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश महरोत्रा, कार्यपालक निदेशक यांत्रिक इंजीनियरिंग संरक्षा रेलवे बोर्ड उत्कर्ष सिंह मौजूद रहे। महानिदेशक ने डीआरएम के साथ इज्जतनगर-काठगोदाम रेल खंड का विंडो ट्रैलिंग निरीक्षण भी किया।


इज्जतनगर कारखाने में निरीक्षण करते महानिदेशक संरक्षा बृज मोहन अग्रवाल।

- महानिदेशक संरक्षा ने मंडल कार्यालय में की समीक्षा

**यांत्रिक कारखाना का भी किया निरीक्षण :** महानिदेशक ने यांत्रिक कारखाना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयोगशाला में ऑप्टिकल इमीशन स्पेक्ट्रोमीटर, हार्डनेस टेस्टिंग, टेंसाइल टेस्टिंग, यूएसटी टेस्टिंग आदि का प्रदर्शन देखा। उन्होंने बोगी फ्रेम क्रैक एवं हॉट एक्सिल के विफलता मामलों का जायजा लिया।

# 6 साल की कार्रवाई ने खत्म किया माफिया मुख्तार अंसारी का साम्राज्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कभी पूरे उत्तर भारत को अपने माफिया गठजोड़ से आतंकित रखने वाले मुख्तार अंसारी पर योगी राज भारी पड़ गया। माफिया के खिलाफ अदालतों में प्रभावी पैरवी से एक के बाद एक कई जघन्य अपराधों में उसे सजा मिली। कोर्ट से बाहर भी मुख्तार अंसारी के माफिया साम्राज्य को तहस-नहस करने की कार्रवाई चलती रही। मुख्तार की अवैध तरीकों से बनाई गई 605 करोड़ से अधिक की संपत्ति को योगी सरकार ने जब्त और ध्वस्त करा दिया।

योगी आदित्यनाथ सरकार की मुख्तार अंसारी के खिलाफ प्रभावी पैरवी का ही नतीजा है कि 15 महीने में माफिया को सात मामलों में सजा सुनाई गई। इसमें उम्रकैद की सजा भी शामिल है। माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ कुल 65 मामले दर्ज थे। माफिया के नेक्सस को तोड़ने के लिए उसके पूरे गैंग के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इसमें उसके 292 सहयोगियों के खिलाफ 160 मामले दर्ज किए गए।

## योगी के काफिले पर कराया था बम से हमला

- राजनीतिक हत्याओं के बाद बजने लगा था मुख्तार का डंका

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी के कुछ आपराधिक कारनामों से उसका डंका न सिर्फ पूर्वांचल में बल्कि पूरे उत्तर भारत में मचने लगा। 2005 में तत्कालीन सांसद और वर्तमान में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफिले पर बम से हमला कराया। भाजपा विधायक नित्यानंद राय और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्याकांड में हाथ होने से मुख्तार की दहशत पूरे उत्तर भारत में छा गई। राजनीतिक सरपरस्ती ने भी मुख्तार को खूब फलने-फूलने का मौका दिया।

### गोरखपुर से दंगाग्रस्त मऊ का दौरा करने गए थे योगी

2005 में मऊ दंगे मुख्तार अंसारी ने कराए थे। उस समय तत्कालीन भाजपा सांसद एवं वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के तौर पर मुख्तार अंसारी के खिलाफ आवाज उठाई थी। मऊ दंगे के दौरान मुख्तार अंसारी खुली जीप में घूम रहा था। योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से मऊ दौरा करने के लिए पहुंच रहे थे। इस दौरान योगी के काफिले पर बम से हमला करवा दिया गया। संयोग था कि योगी आदित्यनाथ ने गाड़ी बदल दी थी, नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो जाता।

### दिनदहाड़े हुई थी अवधेश राय की हत्या

कांग्रेस नेता अवधेश राय की हत्या तीन अगस्त 1991 को हुई थी। वह वाराणसी के चेतगंज थाना क्षेत्र के लहुराबीर इलाके में भाई वर्तमान में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ घर के बाहर खड़े थे। वैन से पहुंचे मुख्तार के गुर्गों ने अवधेश राय को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। अवधेश राय की मौके पर ही मौत हो गई। इस हत्याकांड से पूरे पूर्वांचल में मुख्तार अंसारी की दहशत व्याप्त हो गई।

### विधायक समेत सात को गोलियों से भून दिया था


कृष्णानंद राय (फाइल)

मुख्तार अंसारी का अपराध यही नहीं रुका। 29 नवंबर 2005 में मुहम्मदाबाद से भाजपा विधायक रहे कृष्णानंद राय सहित सात लोगों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड का नेतृत्व कुख्यात अपराधी मुन्ना बजरंगी ने किया था। मुन्ना बजरंगी मुख्तार का शूटर था। विधायक के हत्याकांड के बाद मुख्तार अंसारी का दबदबा बढ़ता गया और देखते ही देखते वह माफिया बन गया।

### 186 सहयोगी गिरफ्तार, 18 ने किया सरेंडर, 5 शूटर ढेर

मुख्तार अंसारी गैंग के186 सहयोगी अब तक गिरफ्तार हो चुके हैं। गैंग के 18 सदस्यों ने सरेंडर कर दिया था। मुख्तार के माफिया नेक्सस को तोड़ने की कार्रवाई में पुलिस ने 175 अवैध हथियारों को भी जब्त किया। अपने नेटवर्क के जोर से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बने मुख्तार गैंग पर एनएसए के तहत 6 मामले दर्ज हैं। माफिया के 5 शूटर्स पुलिस मुठभेड़ में ढेर किये जा चुके हैं।

### 317 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

माफिया के आर्थिक साम्राज्य को नेस्तनाबूद करने के लिए धारा 14(1) के तहत 317 करोड़ 97 लाख 90 हजार 709 रुपये की सम्पत्ति जब्त की जा चुकी है। 287 करोड़ 56 हजार 810 रुपए की अवैध संपत्ति को कब्जा मुक्त और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। योगी राज में कुल 604 करोड़ 98 लाख 47 हजार 519 रुपए की माफिया की संपत्ति को जब्त, ध्वस्त और कब्जामुक्त कराया जा चुका है। सबसे अहम बात ये कि माफिया के आतंक से चलने वाले ठेका, टेंडर और अवैध व्यवसायों पर भी योगी सरकार ने जबरदस्त चोट पहुंचाई है।

## हजरतगंज पुलिस ने लगाया था गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नब्बे के दशक में जरायम की दुनिया में कदम रखने के बाद माफिया मुख्तार अंसारी ने अपना सिक्का राजधानी लखनऊ में भी बुलंद किया। वर्ष 1999 में हजरतगंज पुलिस ने मुख्तार पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। इसके बाद राजधानी के कई थानों में उसके खिलाफ आठ संगीन मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास और साजिश रचना व कूटरचना बेशकीमती जमीनों पर हक जताने के आरोप है।

वर्ष 1999 में माफिया मुख्तार अंसारी पर हत्या, हत्या का प्रयास व साजिश के आरोप में हजरतगंज कोतवाली में पहला मामला दर्ज किया गया था। इसी साल कृष्णानगर कोतवाली में जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दूसरा मामला दर्ज हुआ। कुछ माह बाद हजरतगंज पुलिस ने गैंगस्टर लगाया। वर्ष 2000 में आलमबाग कोतवाली में चौथा मामला दर्ज हुआ। वर्ष 2002 में हजरतगंज पुलिस ने आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की। वर्ष 2003 में सरकारी संपत्ति नष्ट कर जान से मारने धमकी देने के आरोप में आलमबाग कोतवाली में छठा मामला दर्ज किया गया। वर्ष 2004 में कैंट और 2020 में हजरतगंज पुलिस ने जालसाजी, कूटरचना व साजिश का आरोप लगाते हुए 8वां मामला माफिया मुख्तार पर दर्ज किया था।

### बेशकीमती जमीनों पर माफिया की थी नजर

राजधानी में माफिया मुख्तार अंसारी के इशारे पर उसके गुर्गे नामी बिल्डर को डरा-धमका बेशकीमती जमीनों पर कब्जा कर लेते थे। अक्टूबर 2023 में आयकर विभाग ने बेनामी संपत्ति एक्ट के तहत मुख्तार की लखनऊ के डालीबाग स्थित दो संपत्तियों को कुर्क किया था। इसके अलावा दिसम्बर 2023 में कैसरबाग कोतवाली पुलिस ने मुख्तार के करीबी एफआई बिल्डर शोएब इकबाल, मोनिस इकबाल, सिराज अहमद और माइकल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

## 46 वर्ष में 14 हत्या समेत 65 मामले हुए दर्ज

### मुख्तार पर 1978 में पहला मामला धमकी देने के आरोप में दर्ज हुआ था

राज्य ब्यूरो लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी के खिलाफ गाजीपुर जिले के सैदपुर थाने में पहली एफआईआर 1978 में धमकी देने के आरोप में दर्ज हुई थी। इसके 8 वर्ष के बाद 1986 में गाजीपुर के मोहम्दाबाद थाने में हत्या की पहली रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद मुख्तार का आपराधिक इतिहास लंबा होता ही चला गया।

1988 में कोतवाली क्षेत्र में एक और हत्या तथा वाराणसी के कैंट इलाके में हत्या, बलवा व हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद मुख्तार का डंका पूरे पूर्वांचल में बजने लगा। पूर्व की सरकारों ने भी मुख्तार पर खूब हाथ रखा। मुख्तार पर 46 वर्ष में 14 हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई। इतने समय में उस पर कुल 65 मामले दर्ज हो चुके थे। मुख्तार पर सबसे आखिरी एफआईआर गाजीपुर के मरदह थाना में धारा 452, 506 और 120 बी में दर्ज कराई गई थी।



- गाजीपुर के सैदपुर थाने में लिखा गया था पहला मामला

### एनएसए, मकोका, टाडा का भी बना आरोपी

मुख्तार पर एफआईआर की फेरहिस्त बहुत लंबी है। उसके खिलाफ दर्ज मामलों में रंगदारी, हत्या के प्रयास, हत्या की साजिश रचने, जालसाजी करने, कूटरचना करने की कार्रवाई हो चुकी है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट, सेवेन सीएलए, फर्जी तरीके से असलहे का लाइसेंस बनवाने का भी आरोप लगा। 2009 में नई दिल्ली में मकोका की कार्रवाई हुई। लूट, आगजनी के अलावा दिल्ली में टाडा एक्ट में कार्रवाई हुई। मुख्तार अंसारी के खिलाफ चार बार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्रवाई हुई। मुख्तार दंगे का भी आरोपी बनाया गया था।

### यूपी पुलिस ने नौ बार लगाया गैंगस्टर

मुख्तार अंसारी के खिलाफ यूपी पुलिस ने 9 बार गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। उसके खिलाफ गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, नई दिल्ली, सोनभद्र, आगरा, लखनऊ, मऊ, आजमगढ़, मोहाली (पंजाब), बाराबंकी और बांदा जिले में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई।

## दबाव में झुके थे मुलायम सिंह, रद कराया था केस

### माफिया के दबदबे के चलते जांच करने वाले एसटीएफ के डीएसपी को जाना पड़ा था जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी के बाहुबल के आगे तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार भी नतमस्तक रही। माफिया ने मुलायम सिंह पर इतना दबाव बना दिया कि उन्हें उससे जुड़े कई केस रद कराने पड़े। यही नहीं मुख्तार पर एलएमजी का सौदा करने पर पोटा लगाने वाले पुलिस अधिकारी को इस्तीफा देना पड़ा, बाद में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।

2004 में पूर्व डीएसपी शैलेंद्र सिंह वाराणसी में एसटीएफ चीफ थे। उनको माफिया मुख्तार अंसारी और बीजेपी नेता कृष्णानंद राय के बीच होने वाले गैंगवार पर नजर रखने के लिए भेजा गया था। शैलेंद्र ने एक इंटरव्यू में बताया था कि "मुख्तार अंसारी और कृष्णानंद राय पर नजर बनाए रखने की जिम्मेदारी एसटीएफ को दी गई थी। ये दोनों पूर्वांचल से आते थे, लेकिन जानी दुश्मन थे। मैं भी पूर्वांचल चंदौली का रहने वाला हूं। ऐसे में मुझे दोनों पर निगरानी रखने के लिए भेजा गया।

2002 में कृष्णानंद राय पांच बार के विधायक रहे मुख्तार अंसारी को हराकर एमएलए बने थे। ये बात उसे रास नहीं आ रही थी। मुख्तार उन्हें अपने रास्ते से हटाना चाहता था। इसी वजह से दोनों के बीच अक्सर गैंगवार होती रहती थी। उन पर नजर रखने के लिए शैलेंद्र सिंह उनके फोन टेप करने लगे। एक दिन मुख्तार अंसारी की फोन पर हुई बातचीत सुनकर वो सन्न रह गए। माफिया किसी से एलएमजी यानी लाइट मशीन गन खरीदने की बात कर रहा था। वो उससे कह रहा था कि किसी भी कीमत पर उसे एलएमजी चाहिए। वो इससे कृष्णानंद राय की हत्या करना चाहता था।

### 2004 में एक करोड़ में एलएमजी का किया था सौदा

मुख्तार ने जनवरी 2004 में कृष्णानंद राय को मारने के लिए सेना की एक लाइट मशीन गन को खरीदने की योजना बनाई। इसके लिए उसने 2004 में आर्मी के एक भगोड़े से चुराई गई लाइट मशीन गन खरीदने की डील की थी। फोन टैपिंग में पता चला कि बाबूलाल मुख्तार से कह रहा था कि मेरे पास सेना से चुराई हुई लाइट मशीन गन है, जो कि राष्ट्रीय राइफल से चुराई गई थी और उसे लेकर आया हूं। यह सौदा लगभग एक करोड़ में तय हो गया था। मुख्तार अंसारी की फोन रिकॉर्डिंग और एलएमजी बरामदगी ने पुलिस टीम का हौसला बढ़ा दिया था। सबको लग रहा था कि अब उसके दिन लद गए, क्योंकि इतने संगीन अपराध में उसे सख्त से सख्त सजा होनी तय थी। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के साथ पोटा भी लगा दिया था, लेकिन तब तक ये बात मुख्तार अंसारी को पता चल गई थी। वो उस समय न सिर्फ बाहुबली नेता था, बल्कि सरकार भी उसके बिना नहीं चल सकती थी। उसने बहुजन समाज पार्टी को तोड़कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनवाई थी। मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। ऐसे में उसने मुलायम से बोलकर ये केस ही रद करा दिया।

### डीएसपी शैलेंद्र सिंह पर बनाया था दबाव



मुलायम सिंह की सरकार में उसकी हनक का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने रातोंरात आईजी बनारस, डीआईजी, एसपी सहित एक दर्जन बड़े अधिकारियों के तबादले करा दिए। वाराणसी में मौजूद एसटीएफ की यूनिट को वापस लखनऊ बुला लिया गया। डीएसपी शैलेंद्र सिंह पर इस केस को खत्म करने का दबाव बनाए जाने लगा, लेकिन उनके साथ मुश्किल ये कि उन्होंने केस दर्ज कराया था। अब वो उसे किस तरह से वापस ले। इसके बाद अलग-अलग तरीके से उनको प्रताड़ित किया गया। अधिकारी कहते थे कि मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव उनसे काफी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि वो खुद मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखना चाहते हैं, लेकिन मुलायम सिंह ने उनकी सुनी नहीं। दबाव में बीच शैलेंद्र सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उनके खिलाफ कई सारे फर्जी केस दर्ज किए गए। विभागीय जांच बैठा दी गई। शैलेंद्र को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। योगी सरकार के आने के बाद छह मार्च 2021 को शैलेंद्र सिंह के खिलाफ दर्ज किए गए सभी केस कोर्ट के आदेश के बाद वापस ले लिए गए।

## दादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तो नाना थे ब्रिगेडियर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी थे रिश्ते के चाचा

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी रसूखदार परिवार से ताल्लुक रखता था। उसके दादा डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। नाना ब्रिगेडियर मो.उस्मान को 1947 की लड़ाई में शहीद होने पर महावीर चक्र मिला था। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी माफिया के रिश्ते के चाचा थे। इसके बाद भी मुख्तार ने जरायम की दुनिया में कदम रखा तो मुड़कर पीछे नहीं देखा।

मुख्तार अंसारी का जन्म गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद में 3 जून 1963 को हुआ था। उसके पिता का नाम सुबहानउल्लाह अंसारी और मां का नाम बेगम राबिया था। गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के परिवार की पहचान एक प्रतिष्ठित राजनीतिक खानदान की है। करीब 18 साल से जेल में बंद मुख्तार अंसारी के दादा डॉक्टर मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता सेनानी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ काम आजादी की लड़ाई में मुख्य भूमिका निभाई। वह 1926-27 में कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। मुख्तार के पिता सुबहानउल्लाह अंसारी गाजीपुर में अपनी साफ सुथरी छवि के साथ राजनीति में सक्रिय रहे थे। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी रिश्ते में मुख्तार अंसारी के चाचा लगते है।

**परिवार के कई सदस्य चले गये पाकिस्तान :** आजादी के बाद जब देश का बंटवारा हुआ तो डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी के परिवार के कई सदस्य पाकिस्तान चले गए। डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी के बेटे सुब्हानउल्लाह अंसारी नामी वामपंथी नेता थे। सुब्हानउल्लाह का निकाह बेगम राबिया के साथ हुआ। दोनों से तीन बेटे हुए। सिबकतुल्लाह अंसारी, अफजाल अंसारी और मुख्तार अंसारी। सिबकतुल्लाह अंसारी दो बार विधायक रह चुके हैं। 2012 में सपा के टिकट पर और 2017 में कौमी एकता दल के टिकट पर उसने चुनाव जीता था। दूसरे भाई अफजाल अंसारी पांच बार विधायक रहे हैं। वहीं, दो बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। 1985, 1989, 1991, 1993 और 1996 में लगातार पांच बार सीपीआई के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में सपा के टिकट पर पहली बार लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की। 2019 में दूसरी बार बसपा के टिकट पर पूर्व केंद्रीय रेलमंत्री व जम्मू के राज्यपाल मनोज सिन्हा को हराकर सांसद बने।

**कोर्ट नोटिस**

**सम्मन वास्ते करार वाद अमूर तनको तलवो आर्डर 5 कायदा 1 व 5 व अदालत सिविल जज सीनियर डिवीजन एटा** मूतवाद सं0 01 सन् 2018

श्री सन्देश शर्मा वनाम श्रीमती विमलारानी श्रीमती नीरू पुत्री श्री ऋषी कुमार पत्नी अशोक प्रसाद निवासी 55 सिविल लाइन्स बरेली।

हरगाह वादी ने आपके नाम एकनालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 18.04.2024 वक्त दस वेज असालतन था मार्फत वकील के जो हालात मुकद्दमा से वाकई वाकिफ किया गया हो जो ऐसे सवालों का जवाव दे सके। कुल मुकद्दमा का जवाव दे सके या उसके साथ कोई सख्श हो जो ऐसे सवालो का जवाव दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज को आप उसी रोज पेश करे जिस पर कि जवाव देही के दस्तावेज पेश करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर व रोज मशकूर न हो तो आपको गैर हाजिरी में और फैसला होगा। व सख्श मेरे और मुहर अदालत से आज व तारीख 19.08-2024 ई0 को जारी किया गया। न्यायालय को आज्ञा से मुन्सरिम

**न्यायालय सिविल जज सी0डि0 एटा**

# बरेली

## गांव-गांव कृत्रिम गर्भधान करेगा आईवीआरआई



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिक उन्नत किस्म के दुधारू पशुओं को ग्रामीण क्षेत्र में विकसित करेंगे। इसके लिए गांव-गांव पहुंचकर कृत्रिम गर्भधान किया जाएगा। गुरुवार को संस्थान ने पुणे की जीनस ब्रीडिंग इंडिया कंपनी के बीच सीएसआर के तहत अनुबंध किया। अनुबंध के तहत आईवीआरआई को मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह मोबाइल वैन प्रशिक्षित स्टाफ, वैज्ञानिक और कृत्रिम गर्भधान के लिए आवश्यक उपकरण से लैस रहेगी। लंबे समय से केंद्र सरकार की ओर से कृत्रिम गर्भधान से उन्नत किस्म के दुधारु पशुओं की संख्या बढ़ाने को लेकर काम किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि पुणे की यह कंपनी उच्च स्तर स्तर के सीमन को तैयार करती है। कृत्रिम गर्भधान में आवश्यक उपकरण जैसे तरल नाइट्रोजन क्रायोकैन, थाविंग यूनिट, सिंक्रोनाइजेशन किट आदि मोबाइल वैन में मौजूद रहेगी। किसानों के घर तक पहुंचकर कृत्रिम गर्भधान के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। प्रोजेक्ट के लिए संस्थान को 27.29 लाख रुपये का बजट जारी किया जाएगा। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डा. रूपसी तिवारी, डॉ. एमएच खान, डॉ. बृजेश कुमार, डा. नीरज श्रीवास्तव, डा. एमके पात्रा, डॉ. अनुज चौहान आदि मौजूद रहे।

## ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के मामले में तत्कालीन मुख्य अभियंता भी दोषी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रमुख अभियंता ने ठेकेदार का पंजीकरण निरस्त करने को मुख्य अभियंता को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** सड़क का कार्य करने वाली बदायूं की फर्म को सेतु बनाने का ठेका देने वाले पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन मुख्य अभियंता शासन स्तर पर हुई जांच में फंस गए हैं।

ठेकेदार का पंजीकरण करते समय अनुभव प्रमाण पत्रों का सही परीक्षण नहीं करने पर उन्हें आंशिक रूप से दोषी माना गया है, जबकि तथ्यों को छिपाकर विभाग को गुमराह कर गलत तरीके से पंजीकरण कराकर कार्य करने के लिए ठेकेदार को दोषी मानते हुए पंजीकरण निरस्त करने के निर्देश प्रमुख अभियंता वीके श्रीवास्तव ने चीफ इंजीनियर संजय कुमार तिवारी को दिए हैं। उधर, मुख्य अभियंता ने भी जांच में ठेकेदार को दोषी मान पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई की संस्तुति कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। दरअसल, पीडब्ल्यूडी के अफसरों पर बीते साल बदायूं के ठेकेदार सतीश चंद्र दीक्षित को नियम विरुद्ध अनुभव प्रमाण पत्र पर करोड़ों रुपये का फायदा पहुंचाने के आरोप लगे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, सांसद धर्मेंद्र कश्यप के अलावा केसरिया हिंदू वाहिनी के जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना ने मामले की शिकायत शासन में की थी। सेतु, सड़क और भवन के लिए उससे संबंधित कार्य के अनुभव प्रमाण-पत्र के माध्यम से पंजीकरण और कार्य करने का टेंडर मिलता है, मगर यहां नियमों को ताक पर रख दिया गया।

### ढाई साल में पूरा किया था छह महीने का काम

अरिल नदी पर सेतु का ठेका लेने वाली फार्म ने छह माह के काम को ढाई साल में पूरा किया था। इससे प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर लगभग दोगुना हो गई थी। अनु सचिव शिव कुमार की ओर से कराई जांच में ठेकेदार पर लगे आरोपों की पुष्टि होने पर उन्होंने प्रमुख अभियंता को पत्र लिखा। जिसके बाद मुख्य अभियंता को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## सेवानिवृत्त नगर निगम कर्मियों को नहीं मिला बकाया

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मियों को अब तक बकाया भुगतान नहीं मिल सका है। इस संबंध में नगर निगम कर्मचारी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण सेवा समिति ने गुरुवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बकाया भुगतान दिलाने की मांग की गई। समिति के सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि नगर निगम ने सेवानिवृत्त कर्मियों को भविष्य निर्वाह निधि पर चार प्रतिशत की ब्याज दर से भुगतान किया है। इस संबंध में दायर एक रिट पिटीशन पर कोर्ट ने आठ प्रतिशत ब्याज देने का आदेश जारी किया था। आदेश के बाद कार्यरत कर्मचारियों को तो भुगतान दे दिया गया, लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब तक निर्णय के अनुरूप भुगतान नहीं मिला है। कर्मचारियों ने आठ प्रतिशत ब्याज सहित बकाया भुगतान कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में समिति के सलाहकार अनिल कुमार द्विवेदी एडवोकेट, अध्यक्ष सुरेश चंद्र कश्यप, महेश कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार, संतराम, देवेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

## पेट्रोल पंप पर हुआ मेगा ड्रा, विजेताओं को मिले इनाम



**सीबीगंज, अमृत विचार :** परसाखेड़ा हरिचंद लाला एंड सांस पेट्रोल पंप पर क्रिसमस टू होली मेगा ड्रा धमाका आयोजित हुआ, जिसमें 10 जिलों के ग्राहकों ने भाग लिया। ग्राहकों को एक बाइक, पांच एलईडी, पांच लैपटॉप, 15 स्मार्ट फोन, 15 कुकर आदि दिए गए। भारत पेट्रोलियम के मैनेजर संजय आनंद, जगदीश तिवारी, चंदन चौहान, शिशुपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को इस प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती तारा बी पत्नी मो. नसीम कुरैशी निवासी खिन्नी मस्जिद आजम नगर बरेली, उत्तर प्रदेश अपनी संपत्ति जिसका विवरण नीचे अनुसूची में है, उसका स्वामित्व विलेख जमा करके बंधक ऋण लेना चाहता हूं हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से, जिनका पंजीकृत कार्यालय है: 167-169, दूसरी मंजिल अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई और शाखा कार्यालय :- पहली मंजिल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, कर्मचारी नगर, मिनी बाई पास रोड, ऑप. आईसीआईसीआई बैंक, बरेली, उत्तर प्रदेश। यदि किसी को उपरोक्त आशयित बंधक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति, दावा, हित, विवाद है, तो वह हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली शाखा के शाखा प्रबंधक से बताए गए पते पर या पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रमाण के साथ संपर्क कर सकता है। इस प्रकाशन की तारीख से सात (7) दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां/दावे/विवाद/विवादों का विवरण, प्रस्तुत कर सकते हैं ऐसा न करने पर बंधक की प्रक्रिया इस प्रकार आगे बढ़ेगी जैसे कि इसके संबंध में कोई तीसरे पक्ष के दावे/आपत्तियां/विवाद अनुसूचित संपत्ति पर न हों और उसके बाद किसी दावे/आपत्ति/विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा। संपत्ति की अनुसूची:- 41.81 वर्ग मीटर, वाकै मोहल्ला कटधर, बरेली, उत्तर प्रदेश जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है:- पूर्व में - वकिया आराजी वायान पश्चिम में- रास्ता गली 8फिट चौड़ी उत्तर में - मकान ताज व मकान सद्दीक दक्षिण में- रास्ता 18 फिट चौड़ा जिसे आसमा पत्नी इस्लाम व सुमैया पत्नी आरिफ ने ताराबी पत्नी मोहम्मद नसीम कुरैशी के पक्ष में पंजीकृत विलेख एस.आर.ओ. बरेली में किताब 1,जिल्द: 14266,पृष्ठ-345-362 क्रमांक: 6411, दिनांक: 9.5.23 को दर्ज किया। यहां संपर्क करें:- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पहली मंजिल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, कर्मचारी नगर, मिनी बाई पास रोड, ऑफ.आईसीआईसीआई बैंक, बरेली, उत्तर प्रदेश।

## महिलाओं को रोजगार देने में पांच ब्लॉक पिछड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वित्तीय वर्ष समाप्त होने को लेकिन महिलाओं को 23 प्रतिशत ही मिल सका काम

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में महिलाओं को रोजगार देने में पांच ब्लॉक पिछड़ गए हैं जबकि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में दो दिन शेष हैं। इस वित्तीय वर्ष में 23 प्रतिशत महिलाओं का रोजगार मिला है, जबकि मनरेगा में जॉब कार्डधारक परिवार की महिलाओं को भी 33 प्रतिशत रोजगार देने की व्यवस्था है।

एक जॉबकार्ड पर दर्ज परिवार के सभी सदस्यों का मिलाकर सौ दिन का रोजगार दिया जाता है। महिला श्रमिकों को रोजगार देने के लिए कार्ययोजना और कार्यस्थल पर विशेष ध्यान भी दिया जाता है। इस वित्तीय वर्ष में 28 मार्च तक 39,63,460 दिन का रोजगार सृजित किया जा चुका है, इसमें से 30,514 महिलाओं ने 9,17,728 दिन का काम किया है। महिलाओं को रोजगार देने में विकास खंड दमखोदा, फरीदपुर, क्यारा समेत पांच ब्लाक पिछड़े हुए हैं। डीसी मनरेगा मो. हबीब अंसारी का कहना है कि गांवों में कराए जाने वाले मनरेगा मद के विकास कार्यों में महिलाओं को वरीयता दिए जाने की जिम्मेदारी दी गई है। लापराही पर पिछड़े विकास खंड के कार्यक्रम अधिकारियों समेत अन्य की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### ये हैं आंकड़े

- 2,58,678 कुल जॉबकार्ड धारक परिवार
- 2,13,008 एक्टिव जॉबकार्ड धारक
- 39,63,460 दिन रोजगार सृजन
- 9,17,728 दिन महिलाओं को मिला काम
- 46,76,500 दिन अन्य श्रमिकों ने किया काम

## मुख्तार अंसारी की मौत के बाद हाई अलर्ट



**बरेली, अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के निर्देश पर बरेली पुलिस भी अलर्ट हो गई। एसएसपी ने जिले भर के थाना प्रभारियों को गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके बाद इंस्पेक्टर इज्जतनगर इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह, कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा, बारादरी अमित पांडेय, सुभाषनगर सतीश कुमार राय, किला हरेन्द्र सिंह ने थाना क्षेत्रों में गश्त की।

## गर्मी की वजह से बढ़े डायरिया के मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में बदलाव से लोग बीमार हो रहे हैं। गर्मी बढ़ने से डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिला अस्पताल की ओपीडी में गुरुवार को भीड़ होने से मरीजों को खड़े होने की जगह नहीं मिली। कई मरीज तो थककर जमीन पर बैठ गए। गर्मी की वजह से आंखों के ऑपरेशन भी कम हो गए हैं। अब सिर्फ पांच से सात ऑपरेशन ही किए जा रहे हैं।

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कीरत एसोसिएट्स पार्टनर श्री हरपीत छाबड़ा द्वारा गाटा संख्या-533/1, 534, 569 (पार्ट), 570, 571/1,2 ,572 पार्ट एवं 573 पार्ट करमपुर चौधरी, नैनीताल मार्ग, बरेली पर "होटल" भवन निर्माण की स्वीकृति हेतु ऑन लाइन मानचित्र संख्या-बी.डी.ए./बी.पी./23-24/0603 प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना-2031 के अनुसार प्रश्नगत स्थल पर भू-उपयोग बरेली नैनीताल मार्ग के उपरान्त 100 मीटर तक व्यवसायिक एवं तदोपरान्त "आवासीय" आवासीय भू-उपयोग दर्शित है। भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 यथा संशोधित (2011, 2016, 2023) के प्रस्तर 5.1 (II) तथा महायोजना जोनिंग रेगुलेशन्स के 2.14 के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में होटल क्रिया अनुमन्य है। भवन उपविधि के ही प्रस्तर 5.6 के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में होटल अनुमन्यता से पूर्व आम जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किया जाना है। अत: उपरोक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो अपना आपत्ति/सुझाव विज्ञप्ति प्रकाशन के एक माह के अन्दर मानचित्र लिपिक श्री मोहित कुमार 9568006436 को प्राप्त करा सकते हैं।

**उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

